(3) विभिन्न स्कूलों में सड़क सुरक्षा पर फिल्में दिखाई जाती हैं।

(4) मोटरचालकों द्वारा सावधानी बरतने के लिये सड़क के किनारे स्थित सब स्कूलों के निकट चेतावनी संकेत पट लगा दिये गये हैं।

(5) उपयुक्त स्थानों पर स्कूलों के निकट सड़कें पार करने के लिये पैदल यात्रियों के लिए निशान लगा दिये गये हैं। इन स्थानों पर पैदल यात्रियों को आरपार जाने के लिये सूचना देने वाले बोर्ड लगा दिये गये हैं।

(6) भीड़ भाड़ के क्षेत्रों में विशेष कर जहां स्कूल हैं वहां स्पीड पर नियंत्रण लगा दिया गया।

(7) शिक्षा संस्थाओं में नियमित रूप से सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान और यातायात नियमों पर आदेश दिये जाते हैं। विद्यार्थियों के लाभ के लिये सड़कों पर व्यवहारिक प्रदर्शन भी दिये जाते हैं।

(8) मैसर्स बर्मा शैल आयल स्टोरेज एन्ड डिस्ट्रिब्यूटिंग कं० की सहायता से इरविन रोड नई दिल्ली में एक यातायात प्रशिक्षण पार्क खोला गया है। यह मार्च 1964 से चल रहा है। सवेरे के समय निश्चित कार्यक्रम के अनुसार यातायात पुलिस द्वारा इस पार्क में स्कूल बालकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। संध्या को विशिष्ट वयस के समस्त बालकों के लिये पार्क खोल दिया जाता है।

(9) बड़ी सड़कें चौड़ी की जा रही हैं और जहां जरूरत है वहां स्वचालित यातायात संकेत लगाये गये हैं। कुछ सड़कों पर साइकिल पथों की भी व्यवस्था की गई है। भीड़ के क्षेत्रों से बस स्टाप, स्टाल, विक्रीयालें, टैक्सी स्टैंड इत्यादि हटाये जा रहे हैं।

सुपर बाजार, नई दिल्ली में माल पड़ताल (स्टाक टेकिंग)

1517. श्री राम गोपाल शालवाले : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सुपर बाजार, नई दिल्ली में माल का ठीक प्रकार से हिसाब नहीं रखा जाता;

(ख) यदि हां, तो इसमें क्या सुधार किये गये हैं; और

(ग) सुपर बाजार में की गई माल की पिछली पड़ताल का क्या परिणाम निकला है?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री *अन्नासाहिब शिन्दे*): (क) और (ख). *यह सच* नहीं है कि सुपर बाजार में माल का ठीक प्रकार से हिसाब नहीं रखा जा रहा है। तथापि, भारी दैनिक बिक्री होने के कारण कुछ असंगतियां हुई होंगी। सुपर बाजार मशीन-गणना की प्रणाली से हिसाब-किताब रखने के लिए पर्याप्त सावधानी बरत रहा है।

(ग) माल की पिछली पड़ताल दिसम्बर, 1966 में की गई थी लेकिन इसके परिणामों को प्रबन्धक मण्डल ने स्वीकार नहीं किया था, क्योंकि बही-खाते में दिखाये गये माल की अपेक्षा पड़ा हुआ स्टाक अधिक था। माल की नये सिरे से पड़ताल की जा रही है और यह कार्य 30 जून, 1967 को पूरा हो जायेगा।

सुपर बाजार, नई दिल्ली में क्रय अधिकारी

1518. श्री राम गोपाल शालवाले : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुपर बाजार, नई दिल्ली में कितने क्रय अधिकारी हैं;